संख्या-122/2017/2320/71-1-2017-जी-229/2017

प्रेषक

शमीम अहमद खान,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 10 नवम्बर, 2017

विषयः- वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेजे, इलाहाबाद एवं सम्बद्ध चिकित्सालय एवं मेडिकल कालेज, गोरखपुर से सम्बद्ध चिकित्सालय हेतु मानक मद-39-औषधि तथा रसायन में पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2017-18/3203, दिनॉक 19-08-2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर, मेरठ, आगरा, झॉसी, गोरखपुर एवं इलाहाबाद में ट्रामा सेन्टर के संचालन में मानक मद-16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान में कुल रू0 6,00,00,000/- (रू0 छः करोड़ मात्र) की बचत के सापेक्ष न्यू स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय तथा बाल चिकित्सालय हेतु मानक मद-39-औषधि तथा रसायन में रू0 300.00 लाख तथा नेहरू चिकित्सालय, गोरखपुर हेतु मानक मद-39-औषधि तथा रसायन में रू0 300.00 लाख कुल रू0 6,00,00,000/- (रू0 छः करोड़ मात्र) पुनर्विनियोग कर व्यय किये जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन वेतनादित सुसंगत लेखाशीर्षक के नामे डाला जायेगा तथा संलग्न बी0एम0-9(1) के स्तम्भ-1 में उल्लिखित लेखाशीर्षक में हो रही बचतों से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-1094/दस-2017, दिनॉक 14 सितम्बर, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(शमीम अहमद खान)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-122/2017/2320(1)/71-1-2017 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, इलाहाबाद तथा गोरखपुर।
3- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, इलाहाबाद तथा गोरखपुर।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, इलाहाबाद तथा गोरखपुर।
6- नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।